तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त 2025

12 समाधान शिविर में एचएसवीपी सेक्टरवासियों ने किया हंगामा



12 600 मीटर दौड़ में रॉयल इंटरनेशनल सैनिक स्कूल का रंजन कुशवाहा रहा प्रथम



## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चैक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी धर्म खेड़ी निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ इंचार्ज आशा राम ने बताया कि आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### नगर निगम ने चार दुकानदारों के काटे चालान

**हिसार।** नगर निगम की स्वच्छता शाखा की टीम ने सुंदरनगर और मिलगेट क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो दुकानदारों द्वारा डस्टबिन का उपयोग न करने और दो दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर प्रत्येक पर 300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान चार दुकानदारों से 1200 रुपये के चालान काटे गए।

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया पर्यावरण दिवस

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ की ओर से पारिजात चौक के पास स्थित संघ कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास बिश्नोई ने की तथा संचालन जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना व विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लो विशेष रूप से मौजूद रहे।

### आठवें वेतन आयोग की कमेटी गठित करने की मांग

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की सातरोड़ सब यूनिट ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कर्मचारी संघ और महासंघ के आह्वान पर आठवें वेतन आयोग की कमेटी गठित नहीं करने के विरोध में गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया।

### पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

**हिसार।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन द्वारा सब यूनिटों में गेट मीटिंगों का आयोजन कर सरकार के खिलाफ रोष जताया किया गया। सिटी सब यूनिट में गेट मीटिंग की अध्यक्षता उप प्रधान अमित मोर ने की व संचालन अंकित पुनिया ने किया। सिविल लाइन सब यूनिट में जोगेंद्र पुनिया ने अध्यक्षता की व संचालन जय कुमार ने किया तथा मॉडल टाउन सब यूनिट, टीएस सब यूनिट, स्टेट ऑफिस व एमएंडीपी की संयुक्त गेट मीटिंग की अध्यक्षता नवीन ने की और संचालन जगदीश बागड़ी ने किया।

## तेज बरसात से शहरी क्षेत्र हुआ जलमग्न, ग्रामीण क्षेत्रों में भी भरा पानी

# बरसाती पानी निकासी की परीक्षा में फिर सफल नहीं हो सके अधिकारी

अधिकारियों के तमाम दावे व प्रबंध रहे बेअसर, जलभराव से दो-चार हुए नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार शाम को हुई लगभग एक घंटे की बरसात ने प्रशासनिक व निगम अधिकारियों की जल निकासी प्रबंधों की परीक्षा ली। खास बात यह रही कि हर बार की तरह तमाम प्रबंध बेअसर नजर आए और बरसाती जल निकासी के प्रबंधों में अधिकारी पास नहीं हो पाए। हर बार की तरफ शहरी क्षेत्र लबालब हो गए वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बदरा जमकर बरसे।

ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही हालात बेहद खराब है, आज हुई बारिश ने मुश्किलें और बढ़ा दी है। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार शाम तक करीब 21 मिटीमीटर बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और बूंदाबांदी से शुरू हुई बरसात ने अचानक तेजी पकड़ ली। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक बदरा जमकर बरसे।

इस दौरान तापमान में गिरावट हुई और ठंडी हवा चलने लगी लेकिन शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। पांच दिन पूर्व रविवार शाम को आई बरसात से हुआ जलभराव अभी कम नहीं हुआ था कि शुक्रवार की बरसात से इसे और बढ़ा दिया।

हालांकि मौसम विभाग पहले ही इस बरसात की संभावना जता चुका था।



हिसार। बरसात के बाद कैंप चौक पुल के पास भरा पानी से गुजरते नागरिक।



हिसार। गांव बुगाना में बरसात से जलभराव। फोटो : हरिभूमि

### झील बन गए अनेक इलाके

जिले में दो दिन से बादलवाई व हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। शुक्रवार दोपहर बाद तेज बरसात शुरू हो गई। इस बरसात से शहर के निचले इलाके फिर लबालब कर दिए। मौसम विज्ञान ने इस बरसात की संभावना जता दी थी। विभाग के अनुसार हल्की से मध्यम बरसात वर्तमान में होनी है। इसी के चलते शुक्रवार शाम को हुई बरसात से शहर कई पॉश एरिया सहित निचले इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। शहर की दर्जनों कॉलोनियों बरसाती पानी की निकासी के अभाव में झील में बदली नजर आई। हर बार की तरह जिले का नागरिक अस्पताल परिसर भी पानी से लबालब दिखाई दिया।

### अगले पांच दिन मानसून रहेगा एक्टिव

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार मानसून टर्फ़ अब श्री गंगानगर, शिवपुरी, दमोह, कलिंगापट्टनम से दक्षिणपूर्व बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पंजाब पर बने होने से अरब सागर से भी नमी वाली हवाएं मध्यप्रदेश, राजस्थान होते हुए हरियाणा की तरफ बढ़ने से शुक्रवार को कई स्थानों पर बारिश हुई है। इसके अलावा राज्य में 30 अगस्त से 3 सितंबर के दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बादलवाई तथा बीच बीच में हवाओं व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश की भी संभावना है। इस दौरान वातावरण में नमी बढ़ने तथा तापमान में गिरावट रहने की

### धोखा दे गए प्रबंध

प्रशासन व निगम के जल निकासी के दावे फिर से धोखा दे गए। शहरी क्षेत्र पानी से लबालब हो गए और लोगों को फिर से वही जद्दोजहद करनी पड़ी। परेशान लोगों का कहना है कि पिछली बार हुए जलभराव से संबंधित अधिकारियों व निगम अधिकारियों ने कोई सबक नहीं सीखा। बरसाती पानी निकासी के कार्यों पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद शुक्रवार को फिर वही स्थिति दिखाई दी और शहर के अनेक क्षेत्र पानी-पानी हो गए।

## सफाई के बाद सड़क पर कचरा डालने पर निगम करेगा चालान



हिसार। राजगुरु मार्केट का निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली, साथ हैं निगमायुक्त नीरज व अन्य। फोटो :हरिभूमि

- मेयर और निगमायुक्त ने किया राजगुरु मार्केट के सफाई कार्यो का निरीक्षण
- सुनी व्यापारियों की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को मेयर प्रवीण पोपली ने शुक्रवार की अलसुबह राजगुरु मार्केट का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान निगमायुक्त नीरज भी उनके साथ रहे। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरा मिला। इस पर मेयर प्रवीण पोपली एवं निगमायुक्त नीरज ने सड़कों पर कूड़ा होने के कारण फैसला लिया गया कि यदि कोई दुकानदार दुकान की सफाई के बाद सड़क पर कचरा डालते पाया जाता है। यहां फिर दुकान में कचरा एकत्रित करने के लिए डस्टबिन न लगाने पर नगर निगम द्वारा चालान किए जाएंगे। इस दौरान मार्केट व्यापारियों एसोसिएशन ने मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त को मार्केट की समस्याएं जिसमें बेसहारा पशुओं को पकड़ना, पार्किंग, स्ट्रीट लाईट, सफाई आदि शामिल है। जिसको लेकर निगमायुक्त ने अधिकारियों को मार्केट की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान पार्षद मोहित सिंघल, पार्षद नवीन, प्रधान एडवोकेट रवि महता, महासचिव सुभाष टीनू आहूजा, पूर्व प्रधान महेश चौधरी उपप्रधान सुशील गोयल, सह सचिव प्रदीप सचदेवा, जॉनी मुंजाल, सिटी मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, हरीश क्लॉथ, जिला विशेष सफाई अधिकारी हरजीत, सीएसआई राजकुमार, सुनील वर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## कम ब्याज पर लोन दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस ने कम ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के सारण जिले के डाबरपुर निवासी मंजीत कुमार उर्फ गोविंदा के रूप में हुई है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी गई शिकायत बताया कि आरोपियों ने बीमा पॉलिसी पर बिना ब्याज लोन दिलाने का लालच तथा लोन फाइल में पेंडेंसी व अन्य शुल्क बताकर उससे कुल 4 लाख 53 हजार 172 रुपये अलग से ठग लिए। शिकायत पर हिसार साइबर थाना में इस वर्ष 16 जुलाई को केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी बिहार के सारण जिले के डाबरपुर निवासी मंजीत कुमार उर्फ गोविंदा को गिरफ्तार किया है।

# निजी परिवहन बस के कंडक्टर ने छात्राओं के साथ की बदसुलूकी

- छोरा होती तो उठाकर नीचे फेंक देता, वीडियो आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

प्राइवेट बसों में सफर करने वाली कॉलेज छात्राओं के साथ कंडक्टर द्वारा की गई बदतमीजी ने सुरक्षा और शिक्षा दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बस कंडक्टर द्वारा की गई बदसुलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गढ़ी गांव से कॉलेज आने वाली करीब 30 छात्राओं ने आरोप लगाया कि गुरुवार दोपहर बाद जब वह कालेज क्लासें समाप्त होने के बाद वापस घर जा रही थी तो बस पास को लेकर निजी परिवहन बस के कंडक्टर ने उनके साथ न सिर्फ बहसबाजी की बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया।

### वीडियो बनाओ, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते

वायरल वीडियो में बस कंडक्टर ने भरी बस में अपमानजनक शब्द और धमकी देते हुए कहा कि अगर तुम लड़का होती तो ना तो अभी उठा कर बस के नीचे फेंक देता। कंडक्टर ने कहा कि जहां शिकायत करनी हो कर लेना, जीएम या कोई अधिकारी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। बस कंडक्टर द्वारा की जा रही अभद्रता की छात्राओं ने चुपके से पूरी घटना का वीडियो बना ली। जब इस पर कंडक्टर को टोका, तो उसने दो टूक जवाब दिया वीडियो बना लो, फोटो खींच लो, जहां शिकायत करनी है, वहां कर दो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकते। मेरी बस है और इसमें मेरी मर्जी चलेगी।

### प्राइवेट बसों में पास हैं मान्य

इस संदर्भ में हांसी बस स्टैंड इंचार्ज ने स्पष्ट किया कि हिसार महाप्रबंधक द्वारा पहले ही पत्र जारी किया गया है कि सभी प्राइवेट बसों में स्टूडेंट और सीनियर सिटीजन पास मान्य होंगे। बावजूद इसके कुछ प्राइवेट बस संचालकों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### आरोपी कंडक्टर पर कार्रवाई की

महाविद्यालय प्रिंसिपल ने कहा कि निजी परिवहन बस कंडक्टर द्वारा छात्राओं के साथ अभद्रता किए जाने का मामला संज्ञान में आया है और वे इस मामले में हिसार जीएम को पत्र लिखकर अवगत करवा रहे हैं उन्होंने कहा कि आरोपी कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं से इस तरह की अभद्रता करना गलत है।

# सफाई व्यवस्था के लिए हांसी को 9 जोन में बांटा

- साफ- सुथरा सुंदर शहर बनाने के लिए उठाए जाएगा हर संभव कदम : सुरेश चौहान
- स्वच्छता अभियान को लेकर नगर परिषद ईओ ने रेहड़ी संचालकों के साथ बैठक की, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। रेहड़ी संचालकों की एक बैठक को संबोधित करते नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुरेश चौहान।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुरेश चौहान ने कहा कि हांसी को साफ- सुथरा सुंदर शहर बनाने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। सुरेश चौहान शुक्रवार को एसडी महिला महाविद्यालय परिसर में रेहड़ी संचालकों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण ऐलाबादी मौजूद रहे।

ईओ सुरेश चौहान कहा कि शहर में 24 अगस्त से 7 नंबवर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शहर को सुंदर बनाने के लिए कई कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पूरे शहर को 9 जोन में विभाजित कर काम शुरू हो चुका है।

शहर में जहां लाइटिंग व्यवस्था ठीक नहीं है उसे दुरुस्त करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों की सफाई का कार्य नियमित रूप से होगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शहर की किसी भी सड़क पर अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण को हटाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाएगा और अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

### रेहड़ी संचालक कूड़ा दान करें स्थापित

नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी सुरेश चौहान ने रेहड़ी संचालकों से कहा कि वह शहर को सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामान की बिक्री के दौरान कूड़ा करकट को इधर-उधर फेंकने की बजाय रेहड़ी के पास अपना कूड़ा दान रखे और इस कूड़ा दान का पूरा उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जो भी कूड़ा निकलता है उसे नगर परिषद के ट्रैक्टर ट्रालियों, टिप्परों में डालें। बैठक में रेहड़ी संगठन के प्रधान हरीश भूटानी, कमल अमर मार्केट से, राजेश इंदिरा कॉलोनी से, सुनहरी प्रेम नगर से, सीमा रानी अंबेडकर कॉलोनी से अमरजीत सिंह जगन्नाथ मंडी श्री काली देवी चौक से इत्यादि लोग मौजूद रहे।



हिसार। उन्नत भारत सेवाश्री सम्मान समारोह में शिक्षा रत्न सम्मान ग्रहण करते कुलसचिव डॉ.विजय कुमार।

## गुजवि के कुलसचिव को मिला उन्नत भारत सेवाश्री 'शिक्षा रत्न' सम्मान

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार को 25वें उन्नत भारत सेवाश्री सम्मान समारोह में 'शिक्षा रत्न' पुरस्कार से नवाजा गया। डॉ. विजय कुमार को यह सम्मान उच्च शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं पारदर्शी प्रशासनिक नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने डॉ. विजय कुमार के इस सम्मान को विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है तथा उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. विजय कुमार का इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयन राष्ट्रीय समिति द्वारा वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक एवं अखिल नाथ के संयुक्त प्रस्ताव के आधार पर किया गया। उन्हें यह पुरस्कार नई दिल्ली की कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक भव्य समारोह में दिया गया।

## खुले में पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर होगी एफआईआर : निगमायुक्त

# निगम एरिया में किसी अवैध पशुबाड़े को नहीं पनपने दिया जाएगा

- निगम की टीम ने रात्रि अभियान में 35 बेसहारा पशुओं को पकड़ भेजा गौ-अभ्यारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। रात को बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी है। नगर निगम द्वारा गुरुवार को रात्रि के समय 35 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण भेजा गया। उधर, बेसहारा पशु पकड़ो अभियान के तहत आजाद नगर एरिया में निगम टीम को एक बड़ा पशुबाड़ा मिला है, जिसमें करीब 200-250 पशु थे। फिलहाल टीम ने बाड़े के पशुपालक से जमीन के कागजात तलब किए है। कागजात के आधार पर आगे की कार्रवाई की है। मामले निगम के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। निगमायुक्त नीरज ने कहा कि निगम एरिया में किसी अवैध पशुबाड़े को नहीं पनपने दिया जाएगा और उन पर कार्रवाई की जाएगी। जितने भी अवैध पशुबाड़े होंगे उन पर कार्रवाई होगी और एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।

### रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक चला अभियान

सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने गुरुवार रात्रि 8 बजे से शुरू किया गया। अभियान सुबह 6 बजे तक चला। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों से 35 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण भेजा गया। उन्होंने बताया कि कैमेरी रोड, सेक्टर 9-11, दिल्ली रोड, अर्बन एस्टेट-2, आजाद नगर से 35 पशुओं को पकड़ा गया। रात्रि अभियान के दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण भी मौजूद रहे।

### आजाद नगर में मिला पशुबाड़ा

सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण टीम के साथ जब आजाद नगर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वहां एक बहुत बड़ा पशु बाड़ा बना हुआ था। इसमें 200 से 250 गौवंश थे। कुछ गौवंश बाड़े के बाहर भी घूम रहे थे। टीम को देखकर पशुपालक वहां आ गए। पशुपालकों ने कहा कि यह बाड़ा हमारी खुद की जमीन पर बना हुआ है। वर्मा ने बताया कि रात के समय वह पशुपालक खुद की जमीन के दस्तावेज नहीं दे पाए। लेकिन उन्होंने शुक्रवार को निगम कार्यालय में दस्तावेज दिखाने को कहा। अगर वो दस्तावेज नहीं दिखाते है, तो वह बाड़ा अवैध माना जाएगा और उस पर निगम सख्त

### पशु पकड़ने के लिए तीन टीम गठित

बेसहारा पशु पकड़ने के लिए नगर निगम ने तीन टीमें गठित की है। जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पशु पकड़ने का कार्य करेगी। इसके साथ टीम अवैध पशु बाड़ों पर भी कार्रवाई करेगी। तीनों टीमों के साथ पुलिस की टीम मौजूद रहेगी। एक टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र वर्मा होंगे। दूसरी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा होंगे और तीसरी टीम के इंचार्ज यूनियन प्रधान सुरेंद्र होंगे।

### अवैध पशुबाड़ों को तोड़ेंगे

शहर में जितने भी अवैध पशु बाड़े है। वह पशुपालक अपने आप हटा ले, नहीं तो नगर निगम उनको तोड़ने का कार्य करेगा। जो पशुपालक ऐसे बाड़ों में पशु रखते है, उन पर एफआईआर करवाई जाएगी।

-नीरज, निगमायुक्त।



छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।



मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।

# बिजनेस को मैनेज करने के लिए सीखें अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर बिजनेस को सभी ट्रांजेक्शन सही तरीके से मेनटेन करने के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है और आज के समय में बहुत सारे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर है। जो हर बिजनेस को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं और प्रोफिट और लॉस की रिपोर्ट तथा बिजनेस की बैलेंस सीट बनाने में भी मदद करते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से ही किसी भी दुकान या कंपनी के बिजनेस को सही तरीके से मैनेज किया जा सकता है। फिल्म के अकाउंट को मैनेज करने के लिए आपको एक सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी देंगे।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अकाउंट जिसे हिंदी में लेखा-जोखा कहा जाता है और अकाउंटिंग को लेखांकन के नाम से हिंदी में पुकारा जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर ऐसे सॉफ्टवेयर जो अकाउंट के हिसाब को मेनटेन रखते हैं। जैसे प्रोफिट , लॉस, सेल, परचेज , एक्सपेंसिज, इंकम सबको मेनटेन करने का काम करते हैं उसे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कहते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग इनवोयस जनरेट के लिए भी किया जाता है। इसके अलावा किसी भी बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं तो उस अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से तैयार किए गए डाटा की हर महीना या हर तिमाही जीएसटी फिलिंग के दौरान जरूरत पड़ती है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से ही आपकी सेल कितनी हुई है और आपको कितना प्रोफिट हुआ है। इस बात का अंदाजा लगाया जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग आज के समय में किया जा रहा है। छोटे बिजनेस वाले भी इस प्रकार के सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके अपने बिजनेस के अकाउंट को पूरी तरह से मैनेज कर रहे हैं और अच्छे से सुरक्षित कर रहे हैं।

## क्यों है जरूरी

किसी भी कंपनी या किसी भी दुकान से संबंधित सभी फाइनेंसियल गतिविधियों को एक ही जगह पर मैनेज करके रखना और हर समय जरूरत पड़ने पर इस प्रकार की गतिविधि को ट्रेस करना या देखना यह सभी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की वजह से ही संभव है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग बिजनेस में इसलिए किया जा रहा है। क्योंकि जिन लोगों का बड़ा काम है या कहने का मतलब है, जिन लोगों का सालाना टर्नओवर अधिक है। उन लोगों को हाथ से सब कुछ मेनटेन करने में बहुत ज्यादा समस्या होती है और हाथ से अकाउंटिंग मेनटेन करना काफी जटिल हो जाता है। अतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है और यह सॉफ्टवेयर जटिलता को कम करते हैं और कम समय में बहुत सारी सुविधाएं प्रदान कराते हैं।

## सबसे अच्छे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अपने बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग हर कोई व्यक्ति करता है। लेकिन जो लोग अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं या अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के बारे में सोच रहे हैं। उन लोगों के मन में एक बात अवश्य होती है कि कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर मेरी फर्म के लिए अच्छा रहेगा। तो हम आपको बेहतरीन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के फायदे

- किसी भी दुकान या कंपनी के अकाउंट कार्य को इस सॉफ्टवेयर की मदद से बहुत आसान बनाया जा सकता है।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आपको सिर्फ एक एंट्री लेनी होती है। उसके पश्चात सारा कैलकुलेशन सॉफ्टवेयर के आधार पर ऑटोमेटिक किया जाता है।
- हर पार्टी का प्रति वर्ष का स्पेशल डाटा पूरा सॉफ्टवेयर की मदद से मिल जाता है। प्रत्येक पार्टी के साथ जितना लेनदेन हुआ है और कौन सी तारीख को हुआ है उसकी सारी जानकारी सॉफ्टवेयर में आपको आसानी से मिल जाती है।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आप अपने डेटा को सुरक्षित भी कर सकते हैं। सुरक्षित करने के लिए आपको बैकअप का ऑप्शन मिलता है। इसके अलावा अधिकतर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में ऑटोमैटिक बैकअप सुविधा मिलती है।

## सबसे अच्छा सॉफ्टवेयर टेली प्राइम

आज के समय में बिजनेस में सबसे अधिक उपयोग होने वाला सॉफ्टवेयर टेली प्राइम है। हालांकि टेली प्राइम का पुराना नाम टेली था। जिसे टेली ईआरपी 9 में बदला गया। टेली नाम सबसे पहले बिना जीएसटी काम के लिए होता था। उसके पश्चात टेली सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करके टेली ईआरपी 9 विद जीएसटी के साथ लांच किया और उसके बाद इसका नया वर्जन जो साल 2021 में टेली प्राइम के नाम से आया है। 90% बिजनेसमैन इसी सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं। क्योंकि यह सॉफ्टवेयर उपयोग करने में काफी आसान है और इस सॉफ्टवेयर की मदद से हर प्रकार का डाटा अच्छे तरीके से स्टोर करके रख सकते हैं।

### यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।




### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार






## आरटीओ ऑफिसर को करने पड़ते हैं ये काम

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।



## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## क्या है जरूरी योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।


## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा और हम युवा इस देश का भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आजादी का दिन हर भारतीय के दिल में एक खास जगह रखता है। अगस्त वह महीना है जब हमारा प्यारा भारत 1947 में आजाद हुआ, जब अनगिनत वीरों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें स्वतंत्रता का अनमोल तोहफा दिया। यह दिन केवल झंडा फहराने या उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि उन बलिदानों को याद करने का है, जो हमें आजादी की सांस लेने का मौका दे गए। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं। यह हमें याद दिलाता है कि यह देश हमारा है, और इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। शिक्षा हमारी दिशा है, जो हमें सही रास्ता दिखाती है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं, जो इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## यह देश हमारा है, इसे संजोएं

हमारा भारत एक ऐसा देश है, जिसकी मिट्टी में बलिदान, संस्कृति और प्रेम की कहानियां बसी हैं। स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने खून-पसीने से इस देश को आजाद कराया ताकि हम खुली हवा में सांस ले सकें। यह देश हमारा घर है, हमारी पहचान है, और हमारा गर्व है। इस देश को सिर्फ एक भौगोलिक सीमा न समझें, यह आपके सपनों, उम्मीदों और जिम्मेदारियों का प्रतीक है। हर बार जब आप अपने देश का झंडा लहराते देखें, तो अपने दिल में यह संकल्प लें कि आप इस देश को और सुंदर, समृद्ध और मजबूत बनाएंगे। यह देश आपका है, इसे प्यार करें, इसे संजोएं और इसके लिए कुछ करें।

**शिक्षा: हमारी दिशा, हमारी ताकत :** शिक्षा वह दीया है, जो अंधेरे को दूर करता है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने न केवल आजादी के लिए लड़ा, बल्कि एक शिक्षित और जागरूक भारत का सपना भी देखा। डॉ. भीमराव अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महानायकों ने शिक्षा को देश की प्रगति का आधार माना। शिक्षा आपके लिए केवल किताबें और डिग्रियां नहीं, बल्कि वह हथियार है, जो आपको और आपके देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। जब आप पढ़ते हैं, तो आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने देश के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ते हैं। हर किताब, हर पाठ, और हर सवाल आपको इस देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा देता है। अपनी शिक्षा को गंभीरता से लें, क्योंकि यह आपकी और देश की दिशा तय करती है।

**युवा: देश का धड़कता दिल :** युवा किसी भी देश का सबसे बड़ा खजाना होते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे युवाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। आज का युवा, यानी आप, इस देश का धड़कता दिल हैं। आपकी ऊर्जा, आपके सपने, और आपका जुनून भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। आपके पास वह शक्ति है, जो दुनिया बदल सकती है। आपका हर कदम, हर फैसला, और हर मेहनत इस देश को प्रभावित करती है। स्वतंत्रता दिवस आपको यह याद दिलाता है कि आप केवल एक छात्र नहीं, बल्कि इस देश के भविष्य के निर्माता हैं। अपने सपनों को बड़ा रखें, अपने लक्ष्यों के लिए मेहनत करें, और कभी हार न मानें। आपका एक छोटा-सा प्रयास भी देश को गर्व का मौका दे सकता है।

## जीवन में चुनौतियां आएंगी

स्वतंत्रता की लड़ाई आसान नहीं थी। यह अनगिनत बलिदानों, दर्द और दृढ़ संकल्प की कहानी है। रानी लक्ष्मीबाई की तलवार, गांधीजी की अहिंसा, और सुभाष चंद्र बोस की हुंकार हर कहानी हमें साहस और हिम्मत की प्रेरणा देती है। जीवन में चुनौतियां आएंगी, असफलताएं आएंगी, लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों की तरह आपको कभी हार नहीं माननी। हर बार जब आप गिरें, और मजबूती से उठें। आपके भीतर वह साहस है, जो पहाड़ों को हिला सकता है। अपने डर को पीछे छोड़ें और अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**एकता और भाईचारा :** स्वतंत्रता संग्राम में हर धर्म, जाति, और क्षेत्र के लोग एक साथ आए। यह एकता ही थी, जिसने हमें आजादी दिलाई। आज भी, हमारा देश अपनी विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। अपने दोस्तों, सहपाठियों और समाज के हर व्यक्ति का सम्मान करें। एक-दूसरे की मदद करें, एक-दूसरे को प्रेरित करें। जब आप एकजुट होंगे, तो कोई भी मुश्किल आपको रोक नहीं पाएगी। यह देश तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक-दूसरे का साथ देंगे।

**जिम्मेदारी का एहसास :** स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ आजादी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमारे वीरों ने हमें यह आजादी इसलिए दी ताकि हम अपने देश को दुनिया में सबसे ऊंचा स्थान दिलाएं। आप इस देश के भविष्य हैं। छोटी-छोटी चीजों से शुरुआत करें। अपने स्कूल को स्वच्छ रखें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

## सामान्य ज्ञान

1. साबुन के पतले झाग में चमकदार रंगो का बनना किस परिघटना का परिणाम है
(ए) भूलीं परावर्तन और व्यतिकरण
(बी) बहुलित अपवर्तन और परिक्षेपण
(सी) अपवर्तन और परिक्षेपण
(डी) ध्रुवण और व्यक्तिकरण

2. वाहन पीछे से आने वाली वस्तुओं को देखने के लिए किसका प्रयोग करते हैं ?
(ए) उत्तल लेंस
(बी) अवतल लेंस
(सी) उत्तल दर्पण
(डी) अवतल दर्पण

3. निम्न में से क्या वायुमण्डलीय अपवर्तन का परिणाम नही है
(ए) सूर्य का अपने वास्तविक उदय से दो या तीन मिनट पहले दिखाई पड़ना
(बी) सूर्य का सूर्यास्त के समय लाल दिखाई देना
(सी) रात के समय तारों का टिमटिमाना
(डी) सूर्य का आकाश में अपनी वास्तविक ऊंचाई से ज्यादा ऊंचाई पर दिखाना

4. रोगियों के दांत देखने में दन्त चिकित्सकों द्वारा प्रयुक्त दर्पण होता है -
(ए) उत्तल
(बी) अवतल
(सी) समतल
(डी) इनमे से कोई नहीं

5. वाहनों के अग्रदीपों में किस प्रकार का दर्पण का इस्तेमाल होता है
(ए) समतल दर्पण
(बी) उत्तल दर्पण
(सी) अवतल दर्पण
(डी) परवलयिक दर्पण

6. दाढ़ी बनाने के लिए काम में लेते है
(ए) अवतल दर्पण
(बी) समतल दर्पण
(सी) उत्तल दर्पण
(डी) इनमे से कोई नही

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(ए)

**खबर संक्षेप**

### लाला लाजपत राय की प्रतिमा का अनावरण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नगर निगम के प्रांगण में स्थापित लाला लाजपत राय की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा पर अनुमानित लागत 17 लाख रुपये आई हैं। अनावरण करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि लाला लाजपत राय हिसार नगर निगम बनने से पूर्व नगर पालिका हिसार के प्रथम सचिव बने। उन्होंने कहा कि हिसार शहर के विकास में उनका योगदान सराहनीय हैं।

### बाबा बंदा बहादुर में मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्षय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूसरी से चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने सद्गनानुसार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेलों का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला व शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल ने रस्साकशी प्रतियोगिता के द्वारा करवाया।

### योगा प्रतियोगिता में आरपीएस ने लहराया परचम

**हांसी।** महाबीर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योगा प्रतियोगिता में आरपीएस हांसी के विद्यार्थियों ने शानदार जीत हासिल की। योगा प्रतियोगिता अंडर-14 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हिसार के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लयबंद जोड़ी में कक्षा छठी के वंश व कक्षा आठवीं के पीयूष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### 6 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा द्वारा अयोध्या भेजा

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने अब तक 76 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा के अपने संकल्प के तहत अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजने का कार्य किया है। इसी कड़ी में आज 6 और बुजुर्गों को अयोध्या के लिये भेजा गया। अयोध्या जाने वालों में सुभाष चंद्र, इन्द्रावती, राजबाला, नीलम, रुबी व विरेन्द्र शामिल हैं। इससे पहले 76 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा जा चुका है। सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहनों द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया।

### पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण 31 तक

**हिसार।** हरियाणा सरकार की मेरी फसल-मेरा ब्यौरा योजना के तहत खरीफ फसलों की पंजीकरण प्रक्रिया निरंतर रूप से जारी है। इच्छुक किसान अपनी फसलों का पंजीकरण अंतिम तिथि 31 अगस्त तक अवश्य कराएं, ताकि सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ समय पर मिल सके। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण करवाने वाले सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेच सकेंगे, पंजीकरण न होने पर किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर पहले दिन खेल युक्त नशा मुक्त हरियाणा कार्यक्रम का आयोजन

# खेलों से जीवन बनेगा अनुशासित और स्वस्थ



**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व अन्य अतिथि के साथ हॉकी खिलाड़ी।

## तीन दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ हरियाणा कृषि विवि के गेट नंबर 4 के निकट स्थित हॉकी एस्ट्रोटर्फ में किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर खेल विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 4 के निकट स्थित हॉकी एस्ट्रोटर्फ में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्य अतिथि तथा मेयर प्रवीण पोपली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करने उपरांत कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने का माध्यम हैं। जो युवा खेलों से जुड़ते हैं, वे नशे की बुरी लत से दूर रहकर अनुशासन, फिटनेस और सकारात्मक सोच को अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान जीवन के बड़े पाठ सिखाते हैं जिनमें टीम भावना, संघर्ष की शक्ति और जीत का आत्मविश्वास आदि शामिल हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जीवन में असली सफलता तभी संभव है जब वे शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से मजबूत और नशे जैसी बुराइयों से दूर हों। उन्होंने कहा कि सरकार राज्यभर में आधुनिक खेल स्टेडियम, ओपन जिम और खेल अकादमियों की स्थापना कर रही है, ताकि प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए बेहतर मंच मिल सके।

कार्यक्रम में एक घंटा, खेल के मैदान में अभियान की शुरुआत की गई, जिसके तहत युवाओं को प्रतिदिन एक घंटा खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**30 अगस्त को महाबीर स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं**

*कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण में जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में 30 अगस्त शनिवार को महाबीर स्टेडियम हिसार में योगा, कबड्डी और हैंडबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी तथा इसी प्रकार रविवार 31 अगस्त को सुबह 10 बजे संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर हांसी के एसडीएम एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राजेश खोथ सहित खेल विभाग के प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में हॉकी प्लेयर उपस्थित रहे।*



**हिसार।** खिलाड़ियों से परिचय लेते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा व खिलाड़ियों के साथ मौजदू कुलपति व अन्य।

## लुवास और साई ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

■ खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं : प्रो. वर्मा

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र, के सहयोग से महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग, डॉ. देवेंद्र बिधान, डॉ. दिव्या, डॉ. यशवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ज्योति मल्होत्रा की डिफाल्ट बेल पर पुलिस आज देगी अदालत में जवाब

■ चार्जशीट देने व न देने के मुद्दे पर दोनों पक्षों में हुई बहस

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में जेल में बंद यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की चार्जशीट उसके वकील को दिए जाने व न दिए जाने पर शुक्रवार को अदालत में बहस हुई। पुलिस ने तीन एप्लीकेशन लगाकर ज्योति को अधूरा चालान देने की मांग करते हुए ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश की मीडिया ब्रीफिंग पर रोक लगाने अपील की गई है। अदालत में बस करते हुए पुलिस के वकील ने कहा कि अभी हमारी जांच पूरी नहीं हुई है ऐसे में संवेदनशील जानकारी देने से जांच प्रभावित हो सकती है। इसलिए आरोपी पक्ष को खुफिया जानकारी नहीं दी जाए। ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने अदालत में कहा कि अभी तक उन्हें चालान नहीं मिला है। क्या चालान के अंदर यह बताया गया है कि अभी जांच पूरी नहीं हुई है, कोर्ट में दूसरा चालान दिया जाएगा। कुमार मुकेश ने बताया कि कानून के हिसाब में 14 अगस्त को पुलिस ने ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ जांच पूरी कर ली थी। अगर 14 अगस्त तक पुलिस जांच पूरी नहीं करती तो 15 अगस्त को ज्योति को रिहा होना था।

## बेसहारा गोशाला में कल होगा श्री राधा अष्टमी बधाई महोत्सव का आयोजन

**हांसी।** शहर में बड़सी गेट के समीप मार्केट कमेटी के मैदान में स्थित बेसहारा गोशाला में 31 अगस्त, रविवार को श्री राधा अष्टमी बधाई महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव में बधाई गायन साक्षी बावा करेंगी। विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि होंगे। महोत्सव का आयोजन गोशाला का संचालन करने वाली क्लीन हांसी एंड ग्रीन हांसी सेवा समिति की तरफ से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गौशाला समिति के प्रधान सुरेश बंसल, गुलशन नांगरु, राजेश कक्कड़, गोबिंद गोयल, शंकर शर्मा, अरुण आर्य ने बताया कि राधा अष्टमी पर रविवार सायं सात बजे से महोत्सव प्रारंभ होगा।

## आदमपुर, नलवा सहित हर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करवा रहे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने नलवा के विधायक रणधीर पनिहार के साथ गांव कैमरी में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कैमरी गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की गऊ रक्षा के प्रति बेहतर नीतियों को आगे बढ़ाते हुए गोशाला को चेक वितरित किए। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि रणधीर पनिहार ने पिछले 9 माह में विधायक के तौर पर बहुत ही मेहनत से एक आदर्श जनप्रतिनिधि होने का परिचय दिया है, जिससे नलवा हलका विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी आदमपुर, नलवा सहित प्रदेश का एक समान चहुंमुखी विकास करवा रहे हैं। इस दौरान विधायक रणधीर पनिहार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया कि जो विश्वास उन पर जताया उस पर खरा उतरते हुए वे गांव और हलके के विकास के प्रति हमेशा दृढ़ता और मेहनत के साथ कार्य करते रहेंगे।



**हिसार।** कैमरी गांव में कुलदीप बिश्नोई एवं रणधीर पनिहार विकास कार्यों का शिलान्यस करते हुए।

# श्री राधा अष्टमी जन्मोत्सव 31 को शिवालय मंदिर में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट की मीटिंग संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में पीजीएसडी शिक्षण संस्थान में हुई। इस मीटिंग में 31 अगस्त को शिवालय मंदिर पड़ाव में होने वाले राधा अष्टमी के कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार किया गया। प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट व शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राधा अष्टमी पर शिवालय मंदिर ट्रस्ट में 31 अगस्त को भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें राजस्थान, हरियाणा व पंजाब के कलाकारों द्वारा गणेश जी, राधा कृष्ण, शिव शंकर पार्वती, बाबा बजरंग बली, श्री कृष्ण सुदामा जी आदि भव्य झांकियां की प्रस्तुति दिखाई जाएंगी।



**हिसार।** प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षाण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, रमेश लोहिया, ओम प्रकाश असीजा, सुरेंद्र सिंगला, सत्येंद्र गोयल, जगत नारायण, प्रवीण जैन, सत्यपाल असीजा, रमेश पटवारी, कृष्ण लाल बागडी, मनीष चावला, दीपक कुमार, सुनील शर्मा आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

## जेजेपी का कोई नाम लेने वाला नहीं: अभय चौटाला

**नारनौंद।** पिछली योजना में हमारे ही लोगों ने जजपा के हाथों में खेल कर भाजपा की सरकार बनाने का काम किया था। आज जेजेपी का कोई नाम लेने वाला नहीं और जो बचा हैं वो 25 सितंबर को रोहतक में ताऊ देवीलाल की जयंती पर आ जाना उनके पाप धुल जाएंगे। यह बात इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने नारनौंद अनाज मंडी में इनेलो नेता उमेद सिंह लोहान द्वारा आयोजित जनसभा में संबोधित करते हुए कहें। उन्होंने लोगों को 25 सितंबर को रोहतक में पहुंचने का न्योता भी दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, विजय जैन, राजीव राजा, सतपाल, सतबीर सिसाय, राजेश बिल्लू, रमेश खानपुर, विकास लोहान, शमशेर नाड़ा, मीना काजल आदि मौजूद थे।

# मिनी मैराथन में अनिश व रिशिका रही प्रथम

■ राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हुई खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने बतौर मुख्य अतिथि तथा कुलसचिव डॉ. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। खेल अधिष्ठाता प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि मिनी मैराथन प्रतियोगिता के लड़के वर्ग में अनिश कुमार ने पहला, आशीष ने दूसरा तथा हिमांशु ने तीसरा तथा कमलदीप नैन ने चौथा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में रिशिका पहले, दीक्षा दूसरे, मुस्कान तीसरे तथा विधि चौथे स्थान पर रही। सक रेस में लड़कियों के वर्ग में मानसी ने पहला, मोनिका ने दूसरा तथा वैष्णवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के वर्ग में संदीप पहले, नवीन दूसरे तथा सौरभ तीसरे स्थान पर रहे। लेमन रेस में जैसमीन पहले, दीपाली दूसरे तथा काजल तीसरे स्थान पर रही। वरिष्ठ नागरिक एक किलोमीटर दौड़ में राजपाल धनखड़ ने पहला, राजेंद्र सिंह ने दूसरा तथा हरपाल सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में बी टीम ने ए टीम को चार-दो से हराया।



**हिसार।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई।

# हरियाणा में कानून व्यवस्था राम भरोसे : राजेन्द्र सोरखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

■ अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण करने की मांग

आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में दिनोदिन बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए प्रदेश की सरकार व पुलिस के आला अधिकारियों से अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण करने की मांग की है। पार्टी के जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि प्रदेश में आये दिन फिरौती, अपहरण, हत्याएं, जानलेवा हमले, बलात्कार, छीना झपटी, छेड़छाड़, चोरी, डकैती आदि के सैंकड़ों मामले घटित हो रहे हैं। प्रदेश में कोई ऐसा थाना या चौकी नहीं, जहां कोई न कोई मुकदमा दर्ज न हो। आप नेता राजेन्द्र सोरखी ने बढ़ते अपराधों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में बहन-बेटी का सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हो गये हैं कि लोग न घर में सुरक्षित हैं और न ही सडक़ पर। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग सडक़ों पर आंदोलन करने को मजबूर है।



राजेन्द्र सोरखी, जिलाध्यक्ष।

# किसानों की सच्ची हितेषी है जेजेपी

■ नारनौंद के पेटवाड़ में होने वाली सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जननायक जनता पार्टी के किसान सैल की एक बैठक अर्बन एस्टेट कार्यालय में शुक्रवार को जेजेपी किसान सैल के प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जेजेपी के किसान सैल ये जुड़े जिलाभर के नेता कार्यकर्ता पहुंचे। इस अवसर पर जेजेपी किसान सैल किसान सैल प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका ने संबोधित करते हुए कहा कि जेजेपी ही किसानों की सच्ची हितैषी है। जब सत्ता में भागीदारी थी तो किसानों के हितों में अनेक काम किए। इस मौके पर जेजेपी जिलाध्यक्ष अमित बूरा ने अपने संबोधन में 31 अगस्त को नारनौंद के पेटवाड़ में होने वाली सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस सभा में जेजेपी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला शिरकत करेंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल बालकिया, गुलाब सिंह खेदड, सत्यवान बिछपड़ी, करण सिंह देपल, अजीत, कृष्ण गंगवा, सत्यवान कोहाड़, राजेश झाझड़िया सरपंच, राजेंद्र सोरखी, रामकुमार भट्ट, तरुण गोयल आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** जेजेपी किसान सैल की मीटिंग को संबोधित करते हुए किसान सेल प्रदेशाध्यक्ष श्री नरेश द्वारका।

# विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के मास कम्यूनिकेशन विभाग में 'अर्थसूत्र संवाद' नामक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह पैन-इंडिया कार्यक्रम भारत के ग्रामीण और कम बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने का उद्देश्य रखता है। 'अर्थसूत्र संवाद' भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय साक्षरता और जागरूकता बढ़ाने की पहल के तहत संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वित्तीय अनुशासन, ऑनलाइन धोखाधड़ी और धन प्रबंधन की अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम में साइबर पुलिस अधिकारी नरेश कुमार, समाजसेवी श्यामलाल सरवटे, विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. विक्रम कौशिक, प्रो. डॉ. मिहिर रंजन पात्रा, प्रो. डॉ सुनैना, डॉ. कुसुम लता एवं बड़ी संख्या में विभाग के छात्र छात्राओं ने इस जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।

**नाम परिवर्तन**

मैं , सुनैना मंडल पुत्री शम्भू कुमार मंडल निवासी मकान संख्या बी-10, जिंदल स्टेनलेस हिसार, ओपी जिंदल मार्ग, न्यू स्टाफ कॉलोनी, हिसार घोषणा करती हू कि मैंने भविष्य के लिए अपना नाम सुनैना कुमारी से बदलकर सुनैना मंडल कर लिया है।

शपथकार

**सूचना**

मैं, रेखा रानी पत्नी श्री कुंदन लाल निवासी मकान नं. 63बी, वार्ड नं. 10, विवेक नगर, हिसार, जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरी लड़कियां तमन्ना, निधि, साक्षी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, सावित्री विधवा हनुमान सिंह निवासी मकान नं 1441, गली नं 6, विनोद नगर, हिसार, अपने हल्फ से ब्यान करती हूँ कि मेरा पुत्र सतीश व उसकी पत्नी चन्द्रप्रभा व मेरे दिवंगत पुत्र राधेश्याम की पत्नी अनिता मेरे कहने सुनने से बाहर है और इसलिए मैं अपने पुत्र सतीश व उसकी पत्नी चन्द्रप्रभा व मेरे दिवंगत पुत्र राधेश्याम की पत्नी अनिता को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ जो कोई भी भविष्य में उनसे किसी प्रकार का लेन देन करेगा या व्यवहार करेगा तो उसकी जिम्मेवारी उसकी स्वयं की होगी, मेरी कोई जिम्मेवारी ना होगी।

शपथकार

# लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करके सरकार ने किया महिला वर्ग का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ महिलाओं के कल्याण व सामाजिक सुरक्षा के लिए योजना को दी मंजूरी

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने प्रदेश सरकार द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करके इसके तहत महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह दिन जाने का स्वागत किया है। उन्होंने सरकार के इस फैसले को महिला वर्ग का सम्मान बताते हुए इस पर खुशी जताई है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 25 सितंबर से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करने का ऐलान किया है। विधानसभा सत्र के तुरंत बाद कैबिनेट बैठक में महिलाओं के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए नई योजना को मंजूरी दी गई हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी अमर पातड़ एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी सरकार की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के हित में बड़ी घोषणा करके चुनाव के समय किए गए एक संकल्प को और पूरा किया है।



डॉ. आशा खेदड़, जिलाध्यक्ष, भाजपा।

## मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू

# किसी भी संस्थान की तरक्की में कर्मचारियों की बड़ी भूमिका

■ संस्थान की प्रगति व उन्नति में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि, ज्ञान एवं कौशल विकास करने के उद्देश्य से सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. कम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति व उन्नति में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसलिए व्यक्ति को लग्न, मेहनत, अनुशासन, संकल्प, एकाग्रता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा आज के समय में प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से बदलाव हो रहा है।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि गैर शिक्षक कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन चरणों में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। मंच का संचालन डॉ. अनुराग ने किया जबकि डॉ. जितेन्द्र भाटिया ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज प्रतिभागियों के साथ।

## खबर संक्षेप

### पिस्तौल सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने गांव खेदड़ से एक व्यक्ति को काबू कर अवैध पिस्तोल बरामद किया है। एएसआई रोहताश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव खेदड़ के बाहर रोड पर एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम हिसार की ढाणी श्यामलाल निवासी सुभाष उर्फ मोगली बताया। तलाशी लेने पर सुभाष उर्फ मोगली के कब्जे से 32 बोर का एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। उसे गिरफ्तार करके उसके खिलाफ बरवाला थाना में केस दर्ज कर लिया गया है।

### महर्षि दधीचि परमार्थ आश्रम में हवन कल

**हिसार।** महर्षि दधीचि परमार्थ आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार, 31 अगस्त को महर्षि दधीचि जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर पं. हजारीलाल सदन, बरवाला में विशेष हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज ने बताया कि 31 अगस्त को सुबह 10 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा उसके बाद भंडारा लगाया जाएगा डॉक्टर हर्ष मोहन भारद्वाज ने कहा कि महर्षि दधीचि ने अपने अस्थियों का दान कर समाज को त्याग और परोपकार का अमूल्य संदेश दिया था।

### गुजवि में 4 दिवसीय सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल की स्पीकाथॉन क्लब के सौजन्य से चार दिवसीय कैम्पस रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग (सीआरटी) सह सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेंट वर्कशॉप की शुरुआत की गई है। यह प्रशिक्षण एनआईआईटी फाउंडेशन (इंफोसिस फाउंडेशन समर्थित) और अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम 2026 बैच के फाइनल ईयर छात्रों के लिए बनाया गया है, जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के करीब 1000 विद्यार्थी 12 बैचों में भाग ले रहे हैं।

### लुवास में पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह आयोजित

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में 20वां पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सज्जन सिहाग ने कहा कि पार्थेनियम जैसी हानिकारक खरपतवारों से निपटने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर प्राणवायु क्लब, लुवास द्वारा विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर एवं छात्रावासों में पार्थेनियम (गाजर घास) के दुष्प्रभावों और इसके नियंत्रण के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

### राजकुमार यादव बने प्रधान व शैलेश सचिव

**हिसार।** सातरोड सब डिवीजन के प्रांगण में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से सम्बंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की सब यूनिट सातरोड का त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष 2025-2028 के लिए हुआ। इसमें यूनिट वरिष्ठ उपप्रधान अमृत शर्मा, सचिव सुनील स्याहड़वा व उपप्रधान सुरेश ओड़ चुनाव अधिकारी रहे। चुनाव में सर्वसम्मति से राजकुमार यादव को प्रधान, मंगल शर्मा को उपप्रधान, शैलेश शर्मा को सचिव, धर्मबीर कुम्भा को वित सचिव, जसवीर सैनी को सह सचिव व सोनिया को संगठनकर्ता चुना गया।

### हरा-चारा गोशाला के वाहन में ही डालें

**हिसार।** गोशाला के संचालक व हरा-चारा टाल संचालकों के साथ नगर निगम के मुख्य सभागार में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता व निगमायुक्त के संचालन में बैठक हुई। इस दौरान मेयर ने कहा कि बैठक बुलाने का मुख्य उद्देश्य शहर में बेसहारा पशुओं को जो खुले में चारा डालते है, उनका समाधान करना। उन्होंने कहा कि नगर निगम के क्षेत्र में आने वाली हर एक गोशाला अपने स्तर पर एक वाहन हरे-चारे की टाल पर लगाएं ताकि चारा बेसहारा को डालता है।

### जलभराव से निजात दिलाने की मांग को लेकर जमीन पर बैठी महिलाएं

# समाधान शिविर में एचएसवीपी सेक्टरवासियों ने किया हंगामा

महिलाओं और अन्य लोगों ने सुपरिटेंडेंट धर्मवीर को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

संयुक्त कार्यालय परिसर में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में जमकर हंगामा हुआ। शिविर में काफी संख्या में एचएसवीपी सेक्टर की महिलाएं और आसपास के गांवों के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। लेकिन शिविर में उच्च अधिकारियों की गैरहाजिरी पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे सुपरिटेंडेंट धर्मवीर को लोगों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई।


मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि यह उनके अधिकार क्षेत्र का काम नहीं है। फर्श पर बैठी महिलाओं ने कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक हम यहां से नहीं उठेंगी। हालांकि सुपरिटेंडेंट धर्मवीर ने तुरंत संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर धीरज कुमार को मौके का मुआयना करने तथा सेक्टर से पानी निकासी के लिए पंप सेट लगवाने के निर्देश दिए।



**हांसी।** समाधान शिविर में फर्श पर बैठकर विरोध जताती महिलाएं व हुड्डा सेक्टर के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

#### एचएसवीपी की गलियों में दो महीने

इस अवसर पर लोगों ने बताया कि एचएसवीपी सेक्टर जैसी पॉश कॉलोनी की गलियों में दो महीने पहले हुई बरसात का पानी आज तक भरा हुआ है। बरसाती पानी की निकासी के लिए मजबूरन कॉलोनीवासियों ने अपने खर्चे पर पंप सेट मंगवाकर निकासी करवाई। महिलाओं ने कहा कि जलभराव व गंदगी के चलते सेक्टर गलियां बदबू मार रही हैं। लोगों का वहां रहना दूभर हो गया है। वहीं जलभराव के चलते बच्चों व नौकरीपेशा लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। लोगों ने बताया कि शहीद भगत सिंह स्कूल के पीछे बने सेक्टर पार्क में करीब दो फीट तक पानी भरा हुआ है। इस दौरान पूर्व प्रधान बजरंग बंसल और अन्य लोगों ने जमकर हंगामा किया। वहीं महिलाएं कार्यालय में फर्श पर बैठ गई उनका कहना था कि प्लाट खरीदने और मकान बनाने पर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद हम नर्क जैसी जिंदगी जी रहे हैं।



**हांसी।** हुड्डा सेक्टर की गली में जमा बरसाती पानी। *फोटो : हरिभूमि*

#### सीनियर सिटीजन से वसूला जा रहा है पूरा किराया

समाधान शिविर में हांसी-हिसार रूट पर चलने वाली प्राइवेट बसों में सीनियर सिटिजन से पूरा किराया वसूल किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया, इस मुद्दे को लेकर भी काफी संख्या लोग समाधान शिविर में पहुंचे थे। लेकिन उच्च अधिकारियों की गैर मौजूदगी में सुप्रीटेंडेंट धर्मवीर सिंह लोगों को उनकी शिकायतों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और जल्द समाधान का आश्वासन देते रहे।

## ओएसजीयू ने राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया चांसलर डॉ. पुनीत ने मनोबल बढ़ाया



**हिसार।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

■ संडे ऑन साइकिल' अभियान कल

**हिसार।** हर वर्ष की तरह इस बार भी हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ शुक्रवार को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ.पूनम गोयल इस कार्यक्रम के हिस्सा बने और सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम में खो-खो, हॉकी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस आयोजन की टैगलाइन 'एक घंटा खेल के मैदान में' है, जिसका उद्देश्य युवाओं को शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इसी के साथ उन्होंने युवा मामले और खेल मंत्रालय, यूजीसी व स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा किए गए इस मुहिम की सराहना की।

कार्यक्रम के संचालक डॉ. संगीता जैन ने बताया कि यह आयोजन 31 अगस्त तक चलेगा, जिसमें भिन्न भिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए जाएंगे और 31 अगस्त को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

### मनोनित पार्षदों को मेयर ने दिलाई शपथ



**हिसार।** नगर निगम स्थित मुख्य सभागार में शुक्रवार सरकार द्वारा मनोनित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। मेयर ने मनोनित सदस्यों गगन शर्मा, सुरजीत सैनी, सुरेश जागड़ा को शपथ दिलाई। मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निगमायुक्त नीरज की देखरेख में किया गया। अतिरिक्त आयुक्त वीरेन्द्र सहारण ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता थे। इस दौरान पार्षद मोहित सिंगल, पार्षद हरि सिंह सैनी, पार्षद मनोहर लाल, पार्षद रवि सैनी, पार्षद नरेश ग्रेवाल, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद सुमन यादव, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, पार्षद राजेश अरोड़ा, पार्षद सत्यवान पान्नू, पार्षद नवीन भट्टी, पार्षद प्रतिनिधि अनिल जैन, पार्षद प्रतिनिधि विजेन्द्र शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों की मदद कर दूसरों के लिए भी बने प्रेरणा स्रोतः रणबीर गंगवा

■ कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र के 192 दिव्यांग जनों को वितरित किए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

मानवता की सेवा ही परमात्मा की सेवा है इसलिए हर व्यक्ति को जरूरतमंद लोगों की मदद कर दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बनना चाहिए। यह बात कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शुक्रवार को लोकहित मंच द्वारा श्री पंचायती रामलीला ग्राउंड में आयोजित 7वें कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लोक हित मंच के कार्यक्रम में पहले भी आना हुआ है। यह संस्था समाज उत्थान के कार्यों में काफी शानदार एवं सराहनीय कार्य कर रही है। इसके लिए उन्होंने संस्था के पदाधिकारी तथा इससे जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी और अपील की कि वे इसी प्रकार से समाज उत्थान में अपना सहयोग कर अपने जीवन को सार्थक बनाते रहे। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कार्यक्रम में क्षेत्र के 192 दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण भेंट किए।



**हांसी।** दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा उनके साथ हैं संस्था अध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया।

### महिला शक्ति को नई उड़ान देगी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना

**हिसार।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने हरियाणा सरकार की दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का स्वागत किया है और इस महिलाओं के लिए नायब सरकार को तोहफा बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से दीन दयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि यह योजना मात्र आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान की प्रतिष्ठा है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला विवाहित अथवा अविवाहित जिनकी आयु 23 वर्ष अथवा उससे अधिक है।

## विजडम स्कूल में मेजर ध्यानचंद खेल दिवस का आयोजन, हुए कई मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साउथ बायपास स्थित विजडम स्कूल में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह एवं उत्साह के साथ मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः प्रार्थना सभा के उपरांत हुआ। सबसे पहले विद्यार्थियों को हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जीवन और खेल जगत में उनके योगदान से अवगत कराया गया। तत्पश्चात विद्यालय के मैदान में कक्षा वार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें बास्केटबॉल, योगा व रस्साकशी जैसी गतिविधियां शामिल रही। समापन समारोह पर विद्यालय संचालक हरि पाल पिलानिया तथा प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया ने कहा कि खेल केवल शारीरिक शक्ति ही नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करता है। खेलकूद को भी शिक्षा का एक अभिन्न अंग बनकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



**हिसार।** विजडम स्कूल में खेल दिवस पर रस्साकशी मुकाबले में हिस्सा लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

मार्केट न्यूज

### खेलकूद और अनुशासन के साथ मेजर ध्यानचंद खेल दिवस का विजडम स्कूल में आयोजन

साउथ बायपास स्थित विजडम स्कूल मे 29 अगस्त 2025 को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः प्रार्थना सभा के उपरांत हुआ। सबसे पहले विद्यार्थियों को हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जीवन और खेल जगत में उनके योगदान से अवगत कराया गया। तत्पश्चात विद्यालय के मैदान में कक्षा वार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें बास्केटबॉल, योगा व रस्सा कस्सी जैसी गतिविधियां सम्मिलित रही। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया । समापन समारोह पर विद्यालय संचालक महोदय श्रीमान हरि पाल पिलानिया तथा प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती नीलम पिलानिया ने कहा कि खेल केवल शारीरिक शक्ति ही नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करता है। खेलकूद को भी शिक्षा का एक अभिन्न अंग बनकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

■ छोटे बच्चों ने विभिन्न मजेदार गेम्स में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में शुक्रवार राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने मजेदार गेम्स में भाग लिया, जबकि बड़े बच्चों ने खो-खो, रेस, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी खेल भावना का परिचय दिया। खेल मैदान उत्साह और तालियों से गूंजता रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने मेजर ध्यानचंद के योगदान को याद करते हुए बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक साहिल यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।



**हांसी।** मेजर ध्यानचंद जयंती पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

### महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में रेसलिंग हॉल और शूटिंग हॉल का शिलान्यास



**हिसार।** महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में शुक्रवार को रेसलिंग हॉल और शूटिंग हॉल का हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग ने शिलान्यास किया। मुख्य अतिथि अशोक गर्ग ने श्लोक उच्चारण के बीच विधिवत भूमि पूजन किया और परंपरा अनुसार 11 ईंटें रखकर शिलान्यास किया। कार्यक्रम में कॉलेज चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, कार्यकारी अभियंता विनीत गर्ग भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर अशोक गर्ग ने कहा कि खेल युवाओं के चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। मुझे विश्वास है कि यहां से निकलकर खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने इस पहल को संस्थान के लिए ऐतिहासिक क्षण बताता। कॉलेज परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीलम प्रभा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand,
Rishi Nagar, Hisar

स्पर्धा

### रॉयल स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर 16 की एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन

# 600 मीटर दौड़ में रॉयल इंटरनेशनल सैनिक स्कूल का रंजन कुशवाहा रहा प्रथम

प्रतियोगिता में कुल 60 स्कूलों के 400 से ज्यादा खिलाड़ी अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी में सीबीएसई क्लस्टर 16 की एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 31 अगस्त तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17 और अंडर-19 के लड़कों द्वारा भाग लिया जा रहा है। प्रतियोगिता में हरियाणा के सात जिलों (पंचकुला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, सिरसा, फतेहाबाद) तथा हिमाचल के सभी जिलों से खिलाड़ी क्लस्टर 16 में भाग लेने के लिए पहुंचे हुए हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 60 स्कूलों के 400 से ज्यादा खिलाड़ी अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे।



**हिसार।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

#### प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. ज्योत्स्ना ने किया

पहले दिन तीन प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले हुए। अंडर 17 के 1500 मीटर दौड़ में आर्मी पब्लिक स्कूल योल कैंट, हिमाचल प्रदेश के कार्तिक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 के 1500 मीटर दौड़ में क्रिसेंट पब्लिक स्कूल फतेहाबाद के खुशांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 के 600 मीटर दौड़ में रॉयल इंटरनेशनल सैनिक स्कूल के छात्र रंजन कुशवाहा ने प्रथम स्थान पर कब्जा किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी की चेयरपर्सन डॉ. ज्योत्स्ना ने किया। ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल दुहाई गाजियाबाद के प्रिंसिपल प्रवीण त्यागी ने सीबीएसई पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। सैनिक स्कूल खारा खेड़ी के कैडेट्स द्वारा उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा ने आए हुए सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का स्वागत किया।